स्पीड न्यूज

## विद्युत के संपर्क में आने से झुलसा

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेवडी के महेन्द्र शर्मा के घर का सरिया सेट्रिंग करने के दौरान 11 हजार बिजली करंट के चपेट में आने से सरकोनी गांव निवासी स्व. कामेश्वर राम का 40 वर्षीय पुत्र कर्मदेव राम गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों एवं ठेकेदार मुन्ना राम ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया। घायल का दाहिना पैर के सभी उंगली एवं हाथ जल चुका है। इस संबां में घायल कर्मदेव राम ने बताया कि सरकोनी गांव के ही नंदकिशोर शर्मा के पुत्र मुन्ना शर्मा के मायम से डेवडी में घर के छत ढलाई के लिए सरिया सरिया लग रहे थे। इस दौरान यान में नहीं आया और छत के ऊपर से गुजरी 11 हजार बिजली के संपर्क में सरिया आ गया जिसके कारण करंट लग गया है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**भवनाथपुर।** झामुमो भवनाथपुर प्रखण्ड कार्यकर्ताओं की बैठक प्रखण्ड अयक्ष मनोज यादव की अयक्षता में शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में नवनिवक्त अनुमण्डल स्तरीय पदाकिारियों को बााई दी गई। साथ ही अनुमण्डल अयक्ष मुक्तेश्वर पांडेय एवं उपायक्ष को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर कर स्वागत किया गया। वहीं भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा को शमी का पौाा देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा किया गया एवं प्रखण्ड स्तरीय बैठक प्रत्येक माह करने की फैसला लिया गया। साथ ही कार्यालय का उद्घाटन करने, पंचायत स्तर पर पंचायत कमिटी का समीक्षा करने एवं पार्टी द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस भव्य तरीका से मनाने पर चर्चा किया गया। बैठक में प्राानमंत्री फसल योजना भुगतान करने की मांग की गई। बैठक में सुरेश गुप्ता, ब्रजेश सिंह, गोपाल यादव, संजय पांडेय, विनोद सिंह, राजकुमार राउत, मनोज अगरिया, अरुण दुबे सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में मारपीट, एक गंभीर

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदरा में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें स्व.अवा बिहारी सिंह के 34 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार सिंह घायल हो गए। मारपीट के बाद परिजनों ने घायल अनुज को रेफरल अस्पताल लाया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट के संबा में घायल अनुज की पत्नी बेबी देवी ने बताई की जमीन की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान मनोज सिंह एवं मनोज सिंह की पत्नी सीमा देवी पुत्र राजू कुमार सिंह, राजन सिंह प्रिंस कुमार सिंह एवं राजन सिंह की पत्नी अनीता देवी के साथ श्री राम सिंह सहित सभी लोगों ने पति एवं हमारे के साथ मारपीट किए हैं। जिसमें पति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बेबी ने बताई की हमारे हिस्से का जमीन उन लोगों के द्वारा दाब कर रखा गया है और जमा का ट्रैक्टर भी उन लोगों ने ही रख लिया है।

## सड़क के बीच लगे थे बिजली पोल, उपायुक्त ने लिया संज्ञान

**कोडरमा।** पिपराडीह से डोमचांच प्रखंड के बगड़ो तक बनी सड़क के कई जगहों पर बिजली के पोल खड़े रहने का मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क के बीच खड़े बिजली पोलों को अविलम्ब हटाने का निर्देश दिया। डीसी के निर्देश के बाद विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता के नेतृत्व में पोलों को हटवाया गया। गौरतलब हो कि उक्त सड़क के जयनगर मोड़ से लेकर लोहाडंडा जंगल तक करीब तीन किलोमीटर के बीच सड़क के बीचों बीच कई बिजली के पोल लगा हुआ था, जिससे आये दिन दुर्घटना होने की संभावना लगी रहती थी, इसकी जानकारी मिलते ही उपायुक्त श्री रंजन ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश देते हुए सड़क के बीच खड़े पोलों को अविलम्ब हटाने का निर्देश दिया।

# डॉ नीरा यादव ने नगर परिषद झुमरीतिलैया में व्याप्त कुव्यवस्था का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

### प्रशासक को लगायी कड़ी फटकार



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर के स्थानियों द्वारा कई प्रकार से नगर अन्तर्गत चल रहे कु-व्यवस्था पर लगातार विधायक को शिकायत मिलने पर बुधवार को उन्होंने शहर का निरीक्षण किया। सर्व प्रथम डॉ. नीरा यादव कोडरमा प्रखंड कैंपस में अवस्थित तालाब में विभाग द्वारा गहरीकरण का कार्य का निरीक्षण किया, जिसपर उन्होंने नाराजगी जताई। वहीं उन्होंने कहा कि जिस तरीके इस तालाब को काटा गया है, उससे बने सीढ़ी व गार्डवाल क्षतिग्रस्त होने का खतरा है, तालाब के अंदर बने रैंप को भी नहीं हटाया गया है। इस संबंध में विधायक ने प्रशासक विनीत कुमार से पूछा कि किस मद से किसकी अनुमति से कार्य किया गया है। इस पर प्रशासक ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वहीं विधायक ने कई वार्ड में नाली के नहीं बनने एवं बने नाली के उचित सफाई नहीं होने के कारण प्रशासक को कड़ी फटकार लगाई। वहीं उपस्थित लोगों ने साफ सफाई पर भी कई तरह के सवाल उठाए जिसपर विधायक ने हिदायत देते हुए कड़ी शब्दों में अपनी कार्यशैली सुधार करने को कहा। जिसपर श्री विनीत ने आठ दिनों का समय मांगा। वहीं विधायक ने कहा यदि आठ दिन के अंदर इन शिकायतों का निवारण प्रशासक नहीं किया तो इनके उपर अग्रेतर कार्यवाई के लिए मैं बाध्य रहूंगी। मौके पर यादव लाल महतो, विशाल सिंह, अनुराग सिंह, संजू शर्मा, संजीव यादव, राजा यादव, राकेश शर्मा, विनय शांडिल्य, अजय झा, अविनाश चंद्रवंशी, अजीत कुमार, राजेश सिन्हा, सुदीप्तो घोष आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नि:शुल्क कर्ज मुक्ति केंद्र कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** जिला के मुख्य शहर झुमरीतिलैया स्थित झंडा चौक पर बुधवार को नि:शुल्क कर्ज मुक्ति केंद्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर धार्मिक एकता ट्रस्ट सह कर्जा मुक्ति अभियान के संस्थापक शहनवाज चौधरी मौजूद हुए। कार्यक्रम में कर्ज मुक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, कुशवाहा भारतीय, फखरुद्दीन भारतीय, छठी देवी भारतीय, कर्जा मुक्ति अभियान के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विशाल भदानी मौजूद रहे। वहीं शहनवाज चौधरी ने कहा कि देश के कोने-कोने में लोग कर्ज के दलदल में फंसकर आत्महत्या कर रहे हैं, जिसे देखते हुए देश में नि:शुल्क कर्जमुक्ति केंद्र खोला जा रहा है, ताकि लोगों को इससे बचाया जा सके। बता दें कि शहनवाज चौधरी पूरे देश भर में घूम-घूम कर लोगों को कर्जा मुक्ति से जोड़ रहें हैं। कोडरमा से अभी तक 665 फॉर्म ऑनलाइन भरे जा चुके हैं, साथ ही 500 फॉर्म बांटा गया है।

एक नजर में

## शुरू हुआ पुल निर्माण कार्य कई दिनों से पड़ा था बंद



खबर मन्त्र संवाददाता

खबर मन्त्र असर

**चतरा।** जिले में एक बार फिर खबर मन्त्र की खबर का असर हुआ है। चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के लिप्ता गांव में सिल्दाहा सहित बिहार को जोड़ने वाली धोई नदी पर पुल निर्माण 2019 से हो रहा है। जिसे 2020 में पूर्ण करना था। लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण अभी भी अधूरा पड़ा था। लिहाजा करोड़ों की लागत से बन रहा पुल महज एप्रोच सड़क नहीं होने के कारण अधूरा रहा गया था। पुल के दोनो छोर पर जर्जर सड़के थी जिसे खबर मन्त्र की टीम ने प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने खबर मन्त्र की टीम के प्रति आभार जताया है। इतना ही नहीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि खबर मन्त्र की टीम ने इस मामले पर गंभीरता दिखाई थी। जिसका नतीजा है कि आज एक बार फिर हम सभी में उम्मीद की किरण जागी है।

**एप्रोच रोड का निर्माण शुरू :** कुछ ही दिन बाद अब एक बार फिर पुल के दोनो छोर पर एप्रोच सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस बाबत संवेदक को संबंधित विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। जिसमे 15 जून तक पुल निर्माण पूर्ण नहीं करने पर संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करने की चेतावनी दी गई थी। वही गांव निवासी संतोष प्रसाद का कहना है कि इस अधूरे पुल निर्माण को लेकर हमलोग कई बार जिला प्रशासन, कार्यपालक अभियंता से लेकर सांसद, विधायक, मंत्री हर किसी को हमलोगों ने इस मामले से अवगत कराया था। लेकिन हमलोग को बदले में आश्वासन के सिवा आज तक कुछ नहीं मिल पाया था। जिसके बाद खबर मन्त्र की टीम ने मामले को प्रमुखता से दिखाया था। तब जाकर कार्यपालक अभियंता की नींद खुली।

## लेवी वसूलने के फिराक में जुटा जेजेएमपी का एक उग्रवादी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस को प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित कुंडा थाना और सीआरपीएफ 190 बटालियन की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के बरवाडी जंगल इलाके से लेवी वसूलने की फिराक में जुटे उग्रवादी संगठन के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी का नाम राम स्वरूप यादव है। गिरफ्तार उग्रवादी ने पुलिस की पूछताछ के दौरान बताया कि वह लेवी वसूलने के लिए कुंडा थाना क्षेत्र में आया था। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस मना

## पूंजीवादी शक्तियों के इशारे पर सांप्रदायिक जहर घोला जा रहा : रामधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस बुधवार को जिलेभर में मनाया गया। स्थापना दिवस पर सभी प्रखंडों में पार्टी का झंडा फहराया गया एवं केक काटा गया। झुमरीतिलैया के साहू भवन में स्थापना दिवस मनाया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मो नसीम ने किया, जबकि संचालन मो मुबारक ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का नारा महज राजनीतिक नारा नही था। इस नारे ने सामाजिक भेदभाव और जातीय असमानता को दरकिनार कर सशक्त और न्यायमूलक समाज का निर्माण किया। राजद करोड़ो गरीब, गुरबों और शोषित लोगों की आवाज बनी। उन्होंने कहा कि राजद साम्प्रदायिक शक्तियों के साथ कभी समझौता नही करेगी।

## आयुष्मान भारत में बेहतर कार्य को लेकर मुख्यमंत्री से कोडरमा जिला पुरस्कृत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त के कुशल नेतृत्व में कोडरमा जिला लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्नति कर रहा है और जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में कोडरमा जिला को राज्य में बेहतरीन कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि राज्य में कोडरमा जिला दूसरा सदर अस्पताल है, जिसमें सभी तरह की बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है, जिसके कारण राज्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# गली-गली बेहतर आवागमन की सुविधा से युक्त होगी : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

### गढ़वा शहरी क्षेत्र में तीन करोड़ की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

**गढ़वा।** गढ़वा शहरी क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़को का निर्माण किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीति प्रदान कर दी है। जानकारी देते गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि दो करोड़, 98 लाख, 52 हजार, 200 रुपए की लागत से गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र की पांच सड़कों के निर्माण की स्वीति प्रदान कर दी गई है। इनमें शमीम टेलर रोड से बढ़ई मोहल्ला, कुंदन पासवान के घर से पिंटू पांडेय के घर होते हुए सुनील कमलापुरी के घर तक लंबाई लगभग एक किलोमीटर, एनएच 75 मदरसा रोड से रेलवे क्रसिंग होते हुए विनोद महतो के घर तक लंबाई 090 किमी, एनएच 75 शिवढोंढ़ा रोड से बबलू के घर एवं एनएच 75 रोड से रेलवे स्टेशन गढ़वा तक लंबाई डेढ़ किलोमीटर, एनएच 75 आरके पब्लिक स्कूल से एनएच 75 रोड होते हुए इंदिरा गांाी रोड तक लंबाई 120 किलोमीटर, टंडवा टांड़ी पर पानी टंकी, शंकर चंद्रवंशी के घर से नगर परिषद सीमाना रोड, रमेश पासवान के घर से होते हुए छोटू बैठा के घर के रोड तक लंबाई 080 किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल है। कुल लगभग पांच किलोमीटर लंबी सड़क का राइडिंग क्वालिटी में सुाार कार्य किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग से इन सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शहर का गली-गली बेहतर आवागमन की सुविाा से युक्त होगा। इससे पूर्व में भी गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के आाा दर्जन से आकि सड़कों का बेहतर निर्माण एवं राइडिंग क्वालिटी में सुाार कार्य किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में अन्य सड़कों का भी निर्माण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा में कहीं भी, खोजने से भी खराब सड़क देखने को नहीं मिलेगा। इस दिशा में आकितम कार्य हो चुका है शेष कार्य काफी तीव्र गति से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में हर क्षेत्र में विकास कार्य यहां की जनता की सहयोग एवं आशीर्वाद से ही संभव हो पा रहा है। इसी तरह जनता का सहयोग बना रहा तो आगे और भी बेहतर कार्य होंगे।

## एसपी ने किया थाना का निरीक्षण



**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा बुधवार को सतगावां थाना का निरीक्षण किया गया। वहीं थाना प्रभारी आनंद कुमार साह को विभिन्न मामलों को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। थाना में संधारित पंजी का अवलोकन व पंजी का मिलान किया गया। साथ ही साथ कांड से संबंधित समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं जांच के दौरान मौके पर एसआई अशोक कुमार, एसआई मनोज कुमार चौतम्बा, एएसआई नंदकिशोर प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, टुनटुन चौधरी के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि मध्यप्रदेश भाजपा शासित राज्य में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है।

### वनभूमि को उजाड़ने में कई ग्रामीणों का नाम आया सामने

## मध्य रात्रि को ट्रैक्टर का प्रयोग कर सभी वन भूमि पर किया कब्जा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** वन भूमि को कुछ नामित व्यक्तियों द्वारा ट्रक्टर के माध्यम से 25 से 30 एकड़ भूमि पर रातों रात कब्जा जमाने को लेकर ट्रक्टर चला दिया। हालांकि यह मामला बड़ा तुल पकड़ लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह वन भूमि पर महेश महतो पिता स्व. तेजो महतो, सरजू महतो पिता मंगर महतो, शंकर महतो पिता विदेशी महतो, दिनेश्वर महतो पिता जैनाथ महतो, हरनाथ महतो पिता लुकन महतो,धनेश्वर महतो पिता खीरु महतो,फनी महतो पिता तेजो महतो,मुखलाल महतो पिता तेजो महतो, सूटर महतो पिता खीरु महतो सभी बोंगा साडम के निवासी हैं ।वहीं इस खेल में अन्य और कई लोग शामिल है। आपको बता दें कि चतरा सिमरिया रेंज अंतर्गत सिकरी गाँव के करीब लगे वन विभाग के जमीन पर हजारो पेड़ पौधे को धाराशाही तथा विनिष्ट कर रातों रात कई ट्रक्टरों के सहयोग से लगभग 30 एकड़ वनभूमि पर जुताई कर दिया गया था। जिसे लेकर ग्रामीणों ने खूब हंगामा किया है। आगे उपायुक्त चतरा के पास इसकी शिकायत करने की बात कहीं थी। ग्रामीणों का कहना है कि सभी लोग बोंगासाडम के लोग हैं सिकरी गाँव क्षेत्र में लगे वन भूमि पर कब्जा जमाना चाहते है। वहीं इस खेल में वनरक्षी भी शामिल है। चुकी यह शिकायत ग्रामीणों ने कई बार वनरक्षी से किया था। किंतु वनरक्षी आकर लोगों से मैनेज कर चले जाते रहें है ।जिसका नतीजा है कि धीरे धीरे लोग वनभूमि को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सभी लोगों पर त्वरित कार्रवाई होना चाहिए ।

# डीसी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के समीक्षात्मक बैठक के क्रम में खसरा-रुबेला ग्रसित मरीजों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉक्टर दीपक कुमार द्वारा जानकारी दी गई की चतरा जिले में खसरा ग्रसित पूरे राज्य के तुलना में सबसे अधिक मरीज हैं। इसमें 12 क्षेत्र में खसरे का प्रकोप अत्यधिक रहा है। चुकी खसरा फैलने वाली एक वायरल बीमारी है।जो खांसने या छिकने से फैलता है और काफी संक्रामक है। खसरा के बाद ग्रेसितों में निमोनियां डायरिया हो जाता है। जिससे उनके जान को खतरा होता है। जबकि रुबेला से गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा है। रुबेला के संक्रमण से गर्भधारण में मुश्किल से लेकर गर्भपात एवं जन्मजात दोष एवं अपंगता होने का खतरा बना रहता है। सरकार ये दोनो टीका सभी बच्चों को 9 माह एवं 16 माह में मुफ्त देती है। अपने यहां ग्रसितों में यह पाया गया कि 91% बच्चो ने खसरा रुबेला का टीका नहीं लिया है। टीका नहीं लेने की वजह जो समाने आई है वह एएनएम, सहिया और अभिभावक के द्वारा बताया गया कि बुखार का डर व टीके के बाद दो दिन तक जो मामूली परेशानी होती है उसकी वजह से ये लोगों ने टीका नहीं लिया। खसरा रुबेला का प्रकोप मुख्यता प्रतापपुर, कुंदा लावालौंग और हंटरगंज में ज्यादा है। इस संदर्भ में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने संज्ञान में लेते हुए सभी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स और पंचायती राज प्रतिनिधि का सहयोग के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

### किसान क्रेडिट कार्ड योजना को शत प्रतिशत करें पूर्ण : डीसी

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, भूमि-संरक्षण, सहकारिता, सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं व किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

### डीसी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने बुधवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निर्धारित त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर इवीएम की स्तिथि एवं उनके रख रखाव तथा मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।

## विवाहिता के साथ मारपीट मामले में एसपी ने थाना प्रभारी व एसआइ से मांगा स्पष्टीकरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के तिलैया थाना के समीप गत 2 जुलाई को एक विवाहिता की सरेआम पिटाई व पुलिस के द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लिए जाने पर एसपी कुमार गौरव ने थाना प्रभारी विनोद कुमार समेत थाना में पदस्थापित दो एसआई से स्पष्टीकरण मांगा है। मामले में सही जवाब नहीं मिलता है तो थाना प्रभारी सहित दो एसआई के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि 2 जुलाई को तिलैया थाना में पारिवारिक विवाद की शिकायत लेकर नव विवाहिता थाना पहुंची थी, तिलैया थाना में प्रभारी मौजूद थे पर कोई सुनवायी नहीं हुई थी। वहीं थाना परिसर के बाहर ही ससुराल वालों ने महिला के साथ पिटाई कर दी थी, जिस समय महिला की पिटाई की जा रही थी उस दौरान थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद कुमार व अन्य पुलिसकर्मी चाय की चुस्की ले रहे थे। वहीं स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया था, लेकिन पुलिस आराम से बैठी रही। मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्ष जब दोबारा थाना परिसर पहुंचे तो एसआई सुमित कुमार ने विवाहिता के पिता को ही थप्पड़ जड़ दिया। यह मामला अगले दिन मीडिया में सुर्खियों में रहा, जिसके बाद एसपी कुमार गौरव ने मामले को संज्ञान में लिया। वहीं एसपी ने तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार के साथ ही घटना के समय वहां मौजूद एसआई सुमित कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की है। यह भी बताया जाता है कि इस मामले की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ ही मानवाधिकार आयोग को भी भेजी गयी है।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय जनता दल का मनाया गया 27वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस मनाते राजद कार्यकर्ता।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल का 27 वां स्थापना दिवस मनाया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के द्वारा राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का झंडातोलन किया गया। मौके पर बोलते हुए प्रितलाल यादव ने कहा कि आज राजद का गठन हुए 27 वर्ष पूरा हो गया है। इस पार्टी का गठन गरीबों शोषित व पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है। जो सफल साबित हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हमेशा गरीबी पिछड़े के न्याय के लिए कटिबद्ध रहते हैं और उनकी लड़ाई पूरे देश में लड़ रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार देश में नफरत की राजनीति कर रही है। भाजपा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ कर सत्ता हासिल करना चाहती है। भाजपा को विकास से इसको कोई लेना देना नहीं है। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, मनोज यादव, राहुल तिवारी, हरिहर यादव, बाबूलाल राम, रामेश्वर यादव, रवि यादव, मो. जहूर खान, संगीता देवी, विनोद राम, तुलसी राम, उमेश यादव, सरजू यादव, जगन्नाथ यादव, मो. मोमिन, निर्मल कुमार, मुनेश्वर यादव, अजय कुमार गुप्ता, सरजू राम, रविंद्र यादव समेत कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया पंचायत के बारा एवं हेबना ग्राम में मंगलवार की देर रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जहां कौलेश्वर महतो, बिंदेश्वर महतो के लगभग 50 डिसमिल जमीन में लगे मक्का की फसल को बर्बाद कर दिया। वही दिलीप उरांव खेत मे लगे आम बागवानी को तहस–नहस कर दिया। वहीं गनेशपुर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो में जंगली हाथियों के झुंड ने आंगनबाड़ी केंद्र का खिड़की तोड़कर उसमें रखा हुआ चार बोरा चावल, बर्तन, बक्सा समेत कई सामानों को तहस–नहस कर दिया। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बता दें कि बीते कई महीनों से जंगली हांथियो का झुंड बालूमाथ प्रखण्ड समेत आसपास के क्षेत्रो में जमकर उत्पात मचा रहा है। अब तक कई लोगो की जान जा चुकी है। वही सैकड़ो एकड़ में लगे फसलों को भी बर्बाद कर दिया है। जून को खदेड़ने के लिए वन विभाग द्वारा कई बार प्रयास किया गया है। लेकिन जंगली हाथियों का झुंड को खदेड़ने में विभाग नाकाम रही है।

### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ डीही मुरूप पथ पर पकरी ग्राम के पास एक बाइक मे बैठी महिला बंधवा देवी 30 वर्ष पति नारायण गंझु ग्राम हेसाबर मासियातु थानां बालूमाथ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला अपने घर हेसाबार मासियातु से रिस्तेदार के साथ बालूमाथ लेबर का काम करने आ रही थी। तभी पकरी ग्राम के पास तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर चलती बाइक से गिर गई। चिकित्सकों के अनुसार घायल महिला खतरे से बाहर है।

### बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर दी गयी बधाई

**बारियातू।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बारियातू के भाजपाईयो ने हर्ष व्यक्त कर बाबूलाल मरांडी को अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दिया। बधाई देने वालों मे मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, जिला ओबीसी उपाध्यक्ष देवनंनदन प्रसाद, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, मंडल हमा मंत्री निरंजन राम, एसटी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उरांव, महिला मोर्चा अध्यक्ष निलू सिंह, चांदनी देवी, उमा देवी, शांति देवी, कुवर प्रसाद, अर्विन्द सिंह, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष संदीप केसरी, गोपाल यादव, किशोर प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, रिकु यादव, दुलारचंद पासवान, समेत सभी मंडल कमिटी के भाजपा कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष शामिल रहे।

### राजद ने मनाया 2 वां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस मनाते राजद कार्यकर्ता।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लवकुश यादव के आवास पर बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय के कार्यकताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की 27 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने सर्वप्रथम पार्टी का झंडातोलन किया। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि आज के ही दिन 5 जुलाई 1997 को लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की नींव रखी थी। राजद का गठन हुए आज 27 वर्ष पूरा हो गया है। इस पार्टी का गठन गरीबों शोषित व पिछड़े वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए लालू प्रसाद यादव ने किया था। जो लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में लोगों को आपस मे जाति धर्म और नफरत का बीज बो रही है, और सांप्रदायिक सौहार्द बनाकर सत्ता हासिल करना चाहती है। भाजपा को विकास से कोई लेना देना नहीं है। अब समय आगया है जवाब देने का। मौके पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन उरांव, संभु ठाकुर, विजय पासवान, सोनु खान, मो. सद्दाम अंसारी, मो. जुबैर, सुरेश यादव, जसवंत यादव, बैद्यनाथ यादव, बसंत विश्वकर्मा, अजय कुमार समेत कई राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महाघोटाला : भ्रष्टाचार की आगोश में डूबी महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना

## चंदवा प्रखंड में चल रही हर घर नल जल योजना में बरती जा रही भारी अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** हर घर तक स्वच्छ पेयजल मुहैया हो इस उद्देश्य से केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे अति महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना चंदवा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। प्रखंड अंतर्गत कई पंचायतो में नल जल योजना में कार्य कर रहे संवेदकों द्वारा भारी अनियमितता बरतने हुए अपने मन माफिक जल नल योजना का यूनिट गैर जरूरी स्थान पर लगाए जाने, तय मानक से कम बोरिंग किये जाने के साथ-साथ घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने का मामला खुलकर सामने आ रहा है। सरकारी पैसे के हो रहे बंदरबांट के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधि भी अब मुखर होकर अपनी आवाज उठाने लगे हैं। प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा के द्वारा बुधवार को प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत दो स्थानों जगराहा डैम व बुध बाजार दर्जी मुहल्ला पर बिना किसी जनप्रतिनिधियों के सूचना के लगाए गए यूनिट की जांच कर सवाल खड़ा किया गया। उप प्रमुख श्री मिश्रा मिश्रा ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के द्वारा सख्त निर्देश है कि नल जल योजना लगाने से पहले स्थान चयन में पंचायत प्रतिनिधियों का मंतव्य लेना जरूरी है, लेकिन कार्य कर रहे संवेदक इसको गंभीरता से नही ले रहे है व मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं।

### नल जल योजना में हो रहे घोटाले की करायी जाये जांच: अश्विनी मिश्रा


भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा हर घर नल जल योजना।

प्रमुख श्री मिश्रा ने कहा कि पूरे प्रखंड से नल जल योजना में भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, कहीं घटिया सामग्री का उपयोग करने, तय मानक से कम बोरिंग करने जैसे कई मामले सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया है गर्मी के दिनों में ही कई स्थानों पर नल जल योजना का यूनिट तो लगा दिया गया है लेकिन अब तक उसे शुरू नहीं किया गया है। संवेदक बरसात का इंतेजार कर रहे हैं, जलस्तर ऊपर आने के बाद यूनिट को चालू कर पैसे की बंदरबांट करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के लेकर वे उपायुक्त को पत्राचार करेंगे व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। बता दें कि अलौदिया पंचायत में कार्य करने के लिए कार्यकारी एजेंसी मन्तसा कंस्ट्रक्शन का चयन किया गया है।

**अधिकारी को नहीं है पता, किस योजना से लगी है यूनिट**

इस संबंध में पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता सुनील कुमार ने अपना पल्ला झाड़ लिया, कहा कि अलौदिया पंचायत में अभी तक नल जल योजना का काम शुरू नही हुआ है। यूनिट किस मद से लगाया गया है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

## पंचायत समिति की बैठक संपन्न


बैठक में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता देवी, संचालन पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक ने किया। मौके पर बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने बारी-बारी से विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। वहीं बैठक में पूर्व में लिए गए प्रस्ताव पर हुए कारवाई की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि रामदेव साव, सीसीएल तेतरियाखांड़ के एमटी पर्सनल शिवशीष साहू, बाल विकास परियोजना की महिला प्रवेक्षिका कामिनी ठाकुर, महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मिंज, सहायक अभियंता मनरेगा दिनेश सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन शिखा कुमारी, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार, कनिय अभियंता बाबूलाल उरांव, रसीद खान, 15 वित्त से शशि उरांव सहित कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं आयोजित बैठक में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, थाना प्रभारी बालूमाथ, वन विभाग बालूमाथ, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विभिन्न सरकारी बैंक, अंचल निरीक्षक, अंचलाधिकारी, कनीय अभियंता पेयजल, विधुत के पदाधिकारी या प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे। जिनसे अनुपस्थित होने का स्पष्टीकरण मांगा गया ।वही अगली बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, सरिता देवी, रुक्मणी देवी, रीना देवी, सूबेदार उरांव, खदीजा खातून, पिंटू नायक उपस्थित थे।

## मनिका प्रखंड में राष्ट्रीय जनता दल का मनाया गया 27वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित समाजसेवी बली प्रसाद यादव के आवास पर दिन बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल का 27 वां स्थापना दिवस राजद के कार्यकताओं के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने कहा की प्रखंड व पंचायत अध्यक्ष को और मजबूती से काम करने की जरूरत है ताकि पार्टी को और भी मजबूत बनाया जा सके। चुनाव हारना और जितना लगा रहता है इसलिए कार्यकताओं का दायित्व बनता है कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत एवं अपने-अपने बूथों को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि यह कोई जरूरी नहीं है कि मनिका विधानसभा क्षेत्र में मैं लोगों को जगाने का कार्य कर रहा हूं तो चुनाव मैं ही लड़ूं, लेकिन अपने अपने क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाकर रखना है। उन्होंने कहा कि गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय के धरोहर हैं आज उनके विचार धाराओं पर चलने की जरूरत है। वहीं राजद के जिला सचिव दामोदर यादव, रूपेश यादव, अनिल विश्वकर्मा, बल्ली यादव, बालेश्वर यादव, समेत दर्जनों कार्यकताओं ने बारी बारी से सभा को संबोधित किया और राष्ट्रीय जनता दल को और सशक्त मजबूत करने पर प्रकाश डाले। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव, बलराम यादव, कामेश्वर यादव, शंकर यादव, शंभू यादव, संजय यादव, सकेंद्र यादव, बिमलेश यादव, जनेश्वर यादव, सतीष कुमार यादव, बब्लू सिंह,समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



➲ गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले लालू प्रसाद सामाजिक न्याय की धरोहर हैं : गिरजानंदन सिंह

## कलावती देवी हत्याकांड : भैसुर व ननदोई गिरफ्तार

### पति के जेल जाने के बाद दूसरे युवकों से अवैध संबंध का था शक

**खुलासा**

➲ गला घोट कर हत्या के बाद आत्महत्या का रूप देने की नीयत से फांसी से लटकाया गया था शव

➲ चर्चित डायन बिसाही के शक शिबल गंझू-बवनी देवी हत्याकांड मामले जेल में बंद है मृतका का पति धीरज मुंडा


प्रेस वार्ता कर जानकारी देती पुलिस।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र व चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने बीते 2 जुलाई को थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली हेसालोंग में कलावती देवी के संदेहास्पद मौत मामले का सफलतापूर्वक उदभेदन महज 3 दिनों में कर दिया। हत्याकांड में संलिप्त मृतका की सास, भैसुर ब नन्दोई को गिरफ्तार कर बुधवार को मंडल कारा भेज दिया। बुधवार को चंदवा थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि मृतका कलावती देवी का पति धीरज गंझू विगत 2 माह पूर्व चर्चित डायन बिसाही के शक में वृद्ध दम्पति शिवल गंझू व बवनी देवी हत्या कांड मामले जेल में बंद है। धीरज गंझू के जेल जाने के बाद धीरज की मां सुकरी देवी को शक था कि धीरज की पत्नी कलावती देवी का अवैध प्रेम प्रसंग किसी युवक के साथ चल रहा है। जिसको लेकर लगातार झगड़ा मारपीट होती रहती थी। इसी क्रम में कलावती देवी की सास सुकरी देवी ने अपने बड़े बेटे (मृतका का भैसुर) ब्रजकिशोर मुंडा व बेटी के पति (नन्दोई) बीरु मुंडा (टांटी कुडू) के साथ 1 जुलाई की रात्रि घर मे घूँसाकर पहले कटकर कलावती देवी की हत्या गला घोंट कर की उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के नियत से उसके शव को फांसी के फंदे से लटका दिया। हालांकि इनका यह मंसूबा विफल साबित हुआ व मृतका के भाई शत्रुघ्न मुंडा (ग्राम जोगना, थाना - सेन्हा, जिला - लोहरदगा) के द्वारा आवेदन देकर हत्या का अंदेशा जाहिर किए जाने के बाद जांच पड़ताल की तो मामला खुलकर सामने आ गया। पुलिस ने घुटने पर रस्सी को भी बरामद कर लिया है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार, पुअनि जमील अंसारी, सुनील टूटी, धर्मेंद्र कुमार महतो, सअनि रामप्रसाद राम, महिला आरक्षी संगीता देवी व सैट 202 के जवान शामिल थे।

## पुलिस के साथ गाली गलौज व मारपीट करने व हथियार छीनने के मामले में दो अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बुधवार को लातेहार थाना में पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मीडिया को बताया कि बीते दिनो 8 जून को तुबेद कोल माइंस से कोयला खनिज का परिवहन करने वाले हाईवा वाहन के चालक से डीही मुरुप स्थित स्थानीय व्यक्ति धर्मेंद्र प्रसाद पिता स्वर्गीय शंकर साहू के घर के पास मारपीट एवं वाहन का शीशा तोड़ने से संबंधित मामले की जांच पुलिस के द्वारा की गई। जिसमें जांच के क्रम में धर्मेंद्र प्रसाद एवं उनके परिजनों के द्वारा पुलिस टीम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने एवं हथियार छीनने का प्रयास किया गया था। इसके आधार पर लातेहार थाना कांड संख्या 122/23 धारा 147, 148, 149, 323, 332, 333, 341, 342, 353, 379, 504, 506 भादवि के अंतर्गत कांड अंकित किया गया है। जिसके पश्चात कांड में शामिल अभियुक्त अपने घर से फरार चल रहे थे। कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार के निदेर्शानुसार लगातार अभियान चलाया जा रहा था ताकि कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी यथा शीघ्र किया जा सके। लगातार छापामारी अभियान के फल स्वरुप कांड के दो नामजद प्राथमिकी अभियुक्त विपिन प्रसाद, अभिषेक प्रसाद दोनों पिता स्वर्गीय शंकर साव को लातेहार न्यायालय में आत्मसमर्पण किए हैं। तथा दिनांक चार व पांच जुलाई को विशेष छापामारी दल के द्वारा मुरुप स्थित अभियुक्त के घर से कांड के प्राथमिकी अभियुक्त धर्मेंद्र प्रसाद पिता स्वर्गीय शंकर साव एवं उदय प्रसाद पिता सुखदेव प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि मो. शाहरुख, गौरव सिंह, देवानंद कुमार, राज रौशन सिन्हा, दिवाकर धोबी व लातेहार थाना सशस्त्र बल एवं लाठी बल तथा पुलिस केंद्र लातेहार के सशस्त्र पुरुष महिला एवं लाठी बल मौजूद थे।


जानकारी देते पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार।

### प्राथमिकी अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**लातेहार।** लातेहार पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित जेजेएमपी के उग्रवादी संगठन के प्राथमिकी अभियुक्त पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा पिता गर्जू मिस्त्री उर्फ रामवृक्ष लोहरा ग्राम बिनगड़ा कोने, सुशील उरांव उर्फ बीरबल उरांव पिता फेकू उरांव ग्राम मांधनिया थाना मनिका के विरूद्ध उनके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इनके खिलाफ लातेहार थाना कांड संख्या 271/20 धारा 341/342/323/325/307/302/504/506/34 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट दर्ज है। मौके पर पुअनि रूपलाल प्रसाद, अजय दास समेत सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## बीडीओ ने रोजगार सेवक व मुखिया के साथ की बैठक

**बैठक**

➲ पेंशन का लाभ पात्रों तक पहुंचाना प्रखंड प्रशासन की प्राथमिकता : राकेश सहाय

➲ रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सॉकपिट के निर्माण में 15वें वित्त की राशि का करें उपयोग : बीडीओ


समीक्षा बैठक करते बीडीओ राकेश सहाय।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में कल्याणकारी विकास कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व कई पंचायत के मुखिया उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्य को सप्ताह भर के भीतर पूर्ण करने का आदेश दिया गया। बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण करने में पंचायत सेवक के साथ स्वंय सेवकों को भी साथ मिलकर काम करना है। वहीं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने सभी रोजगार सेवकों के साथ सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत में मनरेगा से जो भी योजनाएं संचालित की गई है वह पूर्ण है या अथवा नहीं इसकी जांच कर हमें रिपोर्ट करें। बीडीओ ने 15 वें वित्त की राशि का उपयोग वर्षा का पानी बचाने के लिए सभी सरकारी कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराने के साथ-साथ सभी जलमिनार और चापनलों के सामने भी शोक पीट का निर्माण कराने के निर्देश संबधित पंचायत के मुखिया को दिए। बीडीओ ने आमजनों से भी पानी बचाने की अपील की। वहीं पेंशन के लाभुकों का सत्यापन करने की सूची संबधित पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक को देते हुए कहा कि इसकी जांच प्राथमिकता के आधार पर करें। सरकार द्वारा मिलने वाले पेंशन का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचना प्रखंड प्रशासन की प्राथमिकता है। बीडीओ ने कहा कि सूचना मिल रही है कि प्रज्ञा केंद्रों द्वारा आधार कार्ड वगैरा में फजीर्वाड़ा कर अपात्र लोगों को भी पेंशन से जोड़ दिया गया है। उन्होंने सभी प्रज्ञा केंद्रों की जांच कराने की भी बात कही हैं। बैठक में मुखिया आशीष सिंह, जितेंद्र सिंह, कालो देवी, सहायक अभियंता सुधीर कुमार रवि, बीपीओ त्रिवेणी राम, मंजीत सिंह, पीएम आवास समन्वयक दीपक कुमार सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय जनता दल के सचिव बने नसबुलेन


बधाई देते लोग।

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने सासंग कोढ़ास के नसबुलेन आलम को लातेहार राष्ट्रीय जनता दल के सचिव पद के लिए मनोनीत किया है। बुधवार को जिला कार्यालय लातेहार में अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने उनको प्रपत्र सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूती बनाने, गरीब, पिछड़ो एवं समाज के दबे लोगों को आवाज बनने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त सचिव नसबुलन आलम ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेवारी दी गई है। उसे ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे। इस दौरान प्रदेश महासचिव दीपक नाथ शाहदेव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, जिला सचिव दामोदर यादव, बल्ली यादव, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, लातेहार नगर अध्यक्ष प्रवीण दास, निजाम अंसारी, अजीत श्रीवास्तव, पवन कुमार, सुशील यादव, सज्जाद खान, आवेश मियां, चेतन यादव ने बधाई दी है।

## जन्म-मृत्यु निबंधन के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति को एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

# निबंधन को विशेष अभियान चलाया जायेगा : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जन्म मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान 14 जुलाई से 14 अगस्त तक के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक, आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संतोष भगत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र की आवश्यकताओं, इसका पंजीकरण करने की अवधि, संबंधित पदाधिकारी,अपीलीय पदाधिकारी की कार्य शक्तियां एवं दायित्व इत्यादि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

**छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए जन्म-मृत्यु के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा: डीडीसी**

प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए जन्म-मृत्यु के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जन-जागरूकता हेतु एवं आमजनों में जन्म-मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्त्व को समझाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस कार्य में जन्म-मृत्यु निबंधन कार्य से जुड़े निबंधकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोविड- 19 महामारी के दौरान लॉकडाउन के कारण जिन बच्चों का जन्म पंजीकरण नहीं हो सका हो ऐसे सभी बच्चों को चिन्हित करना और उनके जन्म को राज्य की औपचारिक पंजीकरण प्रणाली में नामांकित करना है। छूटे हुए बच्चों का सर्वे आंगनवाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। यह सूची 15 दिन के अंदर तैयार कर लिया जाना है। इसी प्रकार एएनएम/सहिया द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में बीते वर्षों में जन्मे बच्चों व निबंधन से छूटे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी। 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों की सूची विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। सूची में डुप्लीकेसी की जांच प्रखंडों व जिला स्तर पर की जाएगी। इस अभियान में 100 फीसदी निबंधन का कार्य पूर्ण किया जाना है। कार्यशाला में विभिन्न समयावधि में निबंधन हेतु आवेदन करने पर लगने वाले शुल्क और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गयी। साथ ही जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स के गठन, आयोजित होने वाले बैठकों की जानकारी दी गयी और आवश्यक प्रारूप उपलब्ध कराए गए। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक सह जिला कल्याण पदाधिकारी विंदेश्वरी ततमा, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी संतोष भगत, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड सांख्यिकी पर्य वेक्षक, सभी सीडीपीओ, सभी एमओआईसी आदि उपस्थित थे।


कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारीगण।

